आपकी चाय भी नकली तो नहीं? 3000Kg मिलावटी पत्ती जब्त, ऐसे करें घर पर असली-नकली चाय पत्ती की पहचान

How To Identify Fake Tea: भारत में चाय को सिर्फ एक रिफ्रेशिंग ड्रिंक के रूप में नहीं देखा जाता है, कई लोगों के लिए ये एक इमोशन है. यहां चाय के साथ सिर्फ दिन की ही नहीं बल्कि रिश्तों की शुरुआत भी होती है. ऐसे में चाय पत्ती में मिलावट की खबर दिल तोड़ने जैसा है.

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में हैदराबाद खाद्य मिलावट निगरानी दल (एच-फास्ट) ने शहर भर में छापेमारी की और 3,000 किलोग्राम मिलावटी चाय पाउडर और 1,500 किलोग्राम एक्सपायर्ड चाय पाउडर सहित अन्य सामग्री जब्त की है. भले ही ये मामला देश के एक हिस्से से आयी है, लेकिन हो सकता है कि आपके शहर में भी चायपत्ती में मिलावट का खेल चल रहा हो. ऐसे में जरूर है कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बिना देरी आप अपने किचन में रखी चाय पत्ती को यहां बताए गए तरीकों से टेस्ट करें. समय रहते असली और चायपत्ती की पहचान आपको गंभीर जोखिम से बचा सकती है.

Source: https://hindi.news18.com/news/lifestyle/tips-and-tricks-is-your-tea-adulterated-3000kg-fake-tea-seized-check-purity-tips-ws-l-10410546.html